web: www.nyaysakshi.com
पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल

पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 19 जुलाई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 291

# मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप राज्य के किसानों से खरीदा जाएगा प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान

- धान खरीदी व्यवस्था के लिए मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक संपन्न
- धान खरीदी के लिए बारदाने सहित सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देश
- सहकारी समितियों को मजबूत करने पर दिया बल



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा की अनुरूप छत्तीसगढ़ में पंजीकृत किसानों से आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-2024 में 20 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जाएगी। खाद्य मंत्री अमरजीत की अध्यक्षता में आज विधानसभा स्थित सभाकक्ष में धान खरीदी और कस्टम मिलिंग की नीति की समीक्षा कर सुझाव देने हेतु गठित मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक हुई। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में प्रदेश के पंजीकृत किसानों से 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का अनुमानित लक्ष्य रखा गया है। मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन, कृषक पंजीयन, बारदाना एवं वित्तीय व्यवस्था संबंधी नीति के निर्धारण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। मंत्रिमंडलीय उपसमिति के सदस्यों में कृषि उत्पादन मंत्री ताम्रध्वज साहू और वन मंत्री मोहम्मद अकबर बैठक में शामिल हुए। बैठक में वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहकारिता मंत्री रवीन्द्र चौबे भी जुड़े। मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में मंत्रियों ने कहा कि राज्य में सहकारी समितियों के माध्यम से सुचारू रूप से धान खरीदी का संचालन किया जाता है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष व्यापक मात्रा में राज्य के किसानों से धान की खरीदी किया जाना है। इसलिए सहकारी समितियों को और अधिक मजबूत किए जाने पर बल दिया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों एवं फैसलों के कारण विगत चार सालों में किसानों की संख्या और रकबा में लगातार वृद्धि हुई है। कृषि उत्पादन भी तेजी के साथ बढ़ा है। धान खरीदी के साथ-साथ धान के उठाव के कारण धान का निष्पादन आसानी से संपन्न हुआ है। इस वर्ष भी किसानों को सहूलियत प्रदान करने और धान विक्रय के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है। बैठक में अधिकारियों ने चर्चा के दौरान बताया कि राज्य में इस खरीफ सीजन में धान का क्षेत्राच्छादन 33.61 लाख हेक्टेयर अनुमानित है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विपणन वर्ष 2023-24 में घोषणा के अनुरूप किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की जाएगी। अनुमानित धान खरीदी के लिए सहकारी समितियों में धान खरीदी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। इसमें किसानों के पंजीयन से लेकर बारदाने की व्यवस्था, खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं, भुगतान की व्यवस्था आदि का संधारण कार्य किया जा रहा है। मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, सहकारिता विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, गोधन न्याय योजना के नोडल अधिकारी डॉ. अय्याज भाई तंबोली, चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रितेश अग्रवाल, खाद्य विभाग के विशेष सचिव एम. सोनी, फुड एवं सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन के संचालक जितेन्द्र शुक्ला, कृषि विभाग के संचालक रानू साहू, अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक के. एन. कान्डे सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आतंक के खिलाफ सुरक्षाबलों का बड़ा प्रहार, पुंछ में 4 दहशतगर्द ढेर

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षा बलों को मंगलवार की सुबह ही बड़ी कामयाबी मिली है। सोमवार देर रात से चल रही मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 4 आतंकवादियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच ये मुठभेड़ पुंछ के सिंधरा इलाके में हुई। बता दे कि सुरक्षाबलों को सोमवार शाम को सिंधरा इलाके में कुछ आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों ने यहां सर्च ऑपरेशन चलाया गया। रात 11.30 बजे के करीब आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग भी हुई। इसके बाद पूरी रात आतंकियों को घेरकर निगरानी की गई। मंगलवार सुबह आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच फिर फायरिंग शुरू हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने चार आतंकियों को ढेर कर दिया। आतंकियों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि, बताया जा रहा है कि सभी आतंकी विदेशी हैं।

### कर्नाटक: सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकराई कार, तीन की मौत

**मैसूर (आरएनएस)।** कर्नाटक के मैसूर जिले के कंपालापुरा में मंगलवार तडक़े एक कार सडक़ किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान मुद्दस्सिर, मुजाहिद और अहमद पाशा के रूप में हुई। पीड़ित पेरियापटना से हुनासुर शहर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि सुबह 4.30 बजे कार के ड्राइवर का ध्यान सामने खड़े ट्रैक्टर पर नहीं गया और उसकी कार ट्रैक्टर से जा टकराई। गंभीर रूप से घायल तीन कार सवारों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पेरियापटना पुलिस मौके पर पहुंची। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार ट्रैक्टर के नीचे फंस गई।

### यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण को राहत, कोर्ट ने दी अंतरिम जमानत, अगली सुनवाई 20 को

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बृजभूषण शरण सिंह को महिला पहलवानों से यौन उत्पीडऩ के मामले में अंतरिम जमानत मिल गई है। दिल्ली की राउस एवेन्यू कोर्ट ने यौन उत्पीडऩ केस में आरोपी बृजभूषण सिंह को अंतरिम जमानत दे दी है। बृजभूषण पर महिला पहलवानों का यौन उत्पीडऩ करने का आरोप है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने इस केस में अपनी चार्जशीट दायर की थी। कोर्ट ने इस केस की अगली सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तारीख तय की है, तब तक के लिए वह बेल पर रहेंगे। बृजभूषण शरण सिंह का पक्ष रखते हुए वकील ने कहा कि जब चार्जशीट दाखिल करने तक उनको गिरफ्तार नहीं किया गया है तो इसका मतलब कि उनके खिलाफ ऐसे कोई सबूत या दावे नहीं हैं। ऐसे में उन्हें अंतरिम बेल मिल जानी चाहिए। अब 20 जुलाई को कोर्ट नियमित बेल पर सुनवाई करेगा। उसका फैसला आने तक वह अंतरिम जमानत पर रहेंगे। बृजभूषण शरण सिंह के साथ ही उनके करीबी और कुश्ती महासंघ के अधिकारी रहे विनोद तोमर को भी अंतरिम जमानत मिल गई है। उन पर भी कुल 6 मामलों से 2 में आरोप लगे हैं। उन्हें बृजभूषण शरण सिंह के साथ सह-आरोपी बनाया गया है। दो मामलों में पहलवानों ने आरोप लगाया है कि वह बृजभूषण शरण सिंह से ऐसे वक्त में ही मुलाकात कराते थे, जब वह अकेले हों।

## सीमा हैदर से एटीएस आफिस में दूसरे दिन भी पूछताछ, पाकिस्तानी जासूस होने का शक

**नोएडा (आरएनएस)।** पाकिस्तान से भारत आई महिला सीमा हैदर से पूछताछ का दौर जारी है। यूपी एटीएस ने 17 जुलाई यानि सोमवार को सचिन के पिता को रबूपुरा स्थित घर से लाकर एटीएस ऑफिस में पूछताछ की थी और उसके बाद देर रात उन्हें घर छोड़ दिया था। उसके बाद आज एटीएस सीमा को लेकर नोएडा के सेक्टर 58 में बने अपने एटीएस के ऑफिस लाई है। जहां उससे पूछताछ की जा रही है। सीमा को घर से लेने के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि एटीएस सेक्टर 94 स्थित अपने ऑफिस पहुंचेगी, लेकिन टीम उसे 58 सेक्टर में बने अपने दफ्तर ले गई। जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

एटीएस टीम के पास कई सवाल है जिसका जवाब ढूंढने की कोशिश कर रही है। इनमें सीमा के पास से मिले मोबाइल सिम कार्ड और उसके भारत आने का रूट मैप शामिल है। बताया जा रहा है कि एटीएस केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के साथ कोऑर्डिनेशन कर सीमा के पाकिस्तान से यूपी आने और उसके कांटेक्ट के बारे में जांच कर रही है। एटीएस केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के साथ सीमा के पाकिस्तान से दुबई और फिर नेपाल के रास्ते भारत आने की पूरी नेटवर्क को खंगाल रही है।

भारत आने पर सीमा ने किन मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किया, इसकी भी जांच हो रही है। सूत्रों का तो यह भी दावा है कि केंद्रीय खुफिया एजेंसी पाकिस्तान में अपने संपर्कों के जरिए सीमा हैदर का पूरा प्रोफाइल पता लगा रही है। उसके घर और परिवार के बारे में भी जानकारी इक_ा की जा रही है। सीमा के चाचा के पाकिस्तानी आर्मी में सूबेदार होने का पता चला है। इसके अलावा सीमा का भाई भी पाकिस्तानी सेना में है। ऐसे में जांच एजेंसियों को शक है कि सीमा हैदर का जुड़ाव कहीं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से तो नहीं है।

## भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण के लिए छत्तीसगढ़ को मिला प्रतिष्ठित भूमि सम्मान

- राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ सचिव (राजस्व) और बेमेतरा और सरगुजा जिलों के कलेक्टरो को प्रदान किया पुरस्कार



**नईदिल्ली/रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ को भूमि प्रबंधन और प्रशासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आज प्रतिष्ठित भूमि सम्मान से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ के दो जिलों, बेमेतरा और सरगुजा के कलेक्टरों को शासन के मूल - डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉड्र्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) के मुख्य घटकों को पूरा करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ सचिव (राजस्व) नीलम नामदेव एक्का, महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक स्टाम्प किरण कौशल और निदेशक भूमि अभिलेख रमेश शर्मा ने यहां विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मान प्राप्त किया।

भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण, ग्राम मानचित्रों के डिजिटलीकरण और अभिलेखागार के आधुनिकीकरण के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए बेमेतरा कलेक्टर पदुम सिंह अल्मा और सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार को उनकी टीम के साथ राष्ट्रपति से सम्मान मिला।

पुरस्कार समारोह में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, और केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल, भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव सोनमनी बोरा उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस उपलब्धि के लिए राज्य के राजस्व विभाग और सरगुजा और बेमेतरा जिला प्रशासन को बधाई दी.

डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉड्र्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) के तहत राज्य में भूमि प्रबंधन से संबंधित 95 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके हैं। इसी प्रकार राज्य के सरगुजा एवं बेमेतरा जिले में भूमि प्रबंधन, भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण, पंजीयन कार्यालय से समन्वय, मॉडल रिकार्ड रूम की स्थापना से संबंधित चार घटकों में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह जिला भूमि प्रबंधन में देश के शीर्ष जिलों में शामिल है।

## लुधियाना में जौहरी से 6 करोड़ की डकैती का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, सीजीएसटी अधिकारी बनकर दिया था धोखा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में लुधियाना के एक जौहरी से छह करोड़ रुपये की कीमत के 10 किलोग्राम सोने की डकैती के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लुधियाना निवासी सुशील के रूप में हुई है। सुशील ने अपने साथियों के साथ मिलकर सीजीएसटी अधिकारी बनकर जौहरी को धोखा दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 4.8 करोड़ कीमत का आठ किलो सोना भी बरामद किया है।

पुलिस के मुताबिक, रविंद्र कुमार की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सोने के आभूषण बनाने के लिए नियमित रूप से दिल्ली से सोना खरीदते हैं और स्थानीय बाजार में बेचते हैं। 10 जुलाई को उन्होंने अपने ड्राइवर बलराज और कर्मचारी राजन बावा को जीएसटी बिल के साथ दिल्ली से सोने की डिलीवरी लेने के लिए भेजा। रात करीब 9 बजे वे सोने की डिलीवरी लेकर अर्टिगा कार से लुधियाना (पंजाब) के लिए निकले।

बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त हरेंद्र सिंह ने कहा कि रात करीब 9:30 बजे जब वे वेस्ट एन्क्लेव के पास, हरियाणा मैत्री भवन के पास पहुंचे, तो एक सफेद आई20 कार ने उन्हें ओवरटेक किया। कार में से दो अज्ञात व्यक्ति बाहर आए और खुद को केंद्रीय जीएसटी विभाग के इंस्पेक्टर के रूप में पेश किया।


पुलिस उपायुक्त ने कहा कि खुद को जीएसटी विभाग के इंस्पेक्टर के रूप में पेश करने वालों ने दावा किया कि उनकी कार में अनधिकृत सोना होने की जानकारी मिली है। इसके बाद, उन दोनों व्यक्तियों ने 10 सोने की प्लेटों के बिल मांगे और ड्राइवर को सीजीएसटी के उनके कार्यालय में आने के लिए कहते हुए सोना ले लिया।

फिर, 11 जुलाई को रविंद्र कुमार दिल्ली पहुंचे और व्यक्तिगत रूप से केंद्रीय जीएसटी विभाग के संबंधित कार्यालय का दौरा किया। कुमार ने उन जीएसटी निरीक्षकों और उनके सोने के बारे में डिटेल और तथ्य जानने की कोशिश की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

अधिकारी ने कहा कि राजन बावा 11 जुलाई के बाद से उनके (कुमार के) संपर्क में नहीं था, इसलिए उन्हें पूरा संदेह था कि राजन ने कुछ अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर जीएसटी निरीक्षकों का रूप धारण करने वालों के साथ मिलकर उन्हें धोखा दिया था।

डीसीपी ने कहा कि लगभग 100 सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई और उनका विश्लेषण किया गया। इसके अलावा कॉल डिटेल का विश्लेषण भी किया गया। तकनीकी निगरानी के आधार पर सुशील को पंजाब के खन्ना से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर उसके घर से 10 में से 8 सोने की प्लेटें बरामद कर ली गई हैं।

## नहीं रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता और केरल के दो बार के सीएम ओमन चांडी, लंबी बीमारी के बाद बेंगलुरु में निधन



**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमन चांडी का लंबी बीमारी के कारण मंगलवार को तडक़े 4.25 बजे बेंगलुरु के चिन्मय अस्पताल में निधन हो गया। वे 80 साल के थे। चांडी के पुत्र चांडी ओम्मेन ने एक फेसबुक पोस्ट में अपने पिता के निधन की पुष्टि करते हुए कहा, अप्पा का निधन हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री पिछले कई महीनों से बेंगलुरु में इलाज करा रहे थे।

दो बार मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य के लोगों की सेवा करने वाले ओमन चांडी केरल में कांग्रेस के सबसे लोकप्रिय चेहरा थे। विधायक के रूप में 50 साल पूरा करने वाले चांडी 1970 से कोट्टायम जिले के अपने गृह नगर पुथुपल्ली सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। चांडी ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य और आंध्र प्रदेश के अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) प्रभारी के रूप में भी कार्य किया था। वह 1967-69 के दौरान सेंट जॉर्ज हाई स्कूल, पुथुपल्ली में केरल छात्र संघ (केएसयू) के इकाई अध्यक्ष और संगठन के राज्य अध्यक्ष भी रहे थे। साल 1970 में उन्हें राज्य युवा कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया।

चांडी ने विश्वविद्यालय की प्रारंभिक पढ़ाई सी.एम.एस. कॉलेज, कोट्टायम से और सेंट बर्चमैन्स कॉलेज, चंगनास्सेरी से अर्थशास्त्र में स्नातक की उपाधि हासिल की थी। उन्होंने एर्नाकुलम के सरकारी लॉ कॉलेज से कानून में स्नातक की डिग्री (एलएलबी) भी हासिल की थी।

## मुंबई-नासिक हाईवे पर भयानक हादसा, ट्रक-जीप की टक्कर में 6 लोगों की दर्दनाक मौत



**ठाणे (आरएनएस)।** भिवंडी के पास मुंबई-नासिक हाईवे पर कंटेनर ट्रक ने एक यात्री जीप को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। जिले के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

दुर्घटना तब हुई जब मुंबई जा रहा कंटेनर वाहक यात्री जीप से टकरा गया और खतरनाक खडावली फाटा पर हाईवे से कम से कम 50 फीट दूर जा गिरा। जीप में सवार दो महिलाओं समेत छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायलों को कलवा और भिवंडी के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

पीड़ितों की पहचान 15 वर्षीय चिन्मयी विकास शिंदे, 27 वर्षीय चैताली सुशांत पिम्पले, 50 वर्षीय संतोष अनंत जाधव, 51 वर्षीय वसंत धर्म जाधव, रिया किशोर परसेधी और प्रज्वल शंकर फिरके के रूप में की गई। घायलों में 22 वर्षीय क्रुणाल ज्ञानेश्वर भामरे, 29 वर्षीय चेतना गणेश वाज़े, और 30 वर्षीय दिलीप कुमार विश्वकर्मा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि खडावली फाटा एक बड़ा दुर्घटना वाला क्षेत्र बन गया है और यहां कई बड़ी और छोटी घटनाएं दर्ज की गई हैं।

उन्होंने भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह किया है। भिवंडी से पुलिस की टीमें दुर्घटनास्थल पर पहुंचीं, सडक़ पर ट्रैफिक जाम खुलवाया और घटना की जांच शुरू की, सटीक कारणों की जांच की, कि क्या कोई वाहन चालक नशे में था।

## 17वें दिन 20,000 से अधिक लोगों ने की अमरनाथ यात्रा



**श्रीनगर (आरएनएस)।** अमरनाथ यात्रा के 17वें दिन 20,000 से अधिक लोगों ने यात्रा की, जबकि 6,225 यात्रियों का एक और जत्था मंगलवार को जम्मू से घाटी के लिए रवाना हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि इस साल की अमरनाथ यात्रा एक जुलाई को शुरू होने के बाद से अब तक 2.50 लाख से अधिक तीर्थयात्री यात्रा कर चुके हैं।

6,225 यात्रियों का एक और जत्था एक सुरक्षा काफिले में आज सुबह जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुआ।

अधिकारियों ने कहा, इनमें से 2,511 उत्तरी कश्मीर बालटाल बेस कैंप जा रहे हैं जबकि 3,714 पहलगाम बेस कैंप जा रहे हैं।

इस बीच सोमवार को तीन तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, जिससे वर्तमान यात्रा के दौरान मरने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 30 हो गई है।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को जिन तीन लोगों की मौत हुई, उनमें से एक उत्तर प्रदेश, दूसरा राजस्थान और तीसरा मध्य प्रदेश का था। जहां दो की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई, वहीं तीसरे तीर्थयात्री की मौत के सही कारण का अभी भी पता लगाया जा रहा है।

यात्री या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से हिमालय गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं, जिसमें पहलगाम बेस कैंप से 43 किलोमीटर की चढ़ाई होती है या उत्तरी कश्मीर बालटाल बेस कैंप से 13 किलोमीटर की चढ़ाई होती है।

पारंपरिक पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में 3-4 दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग समुद्र तल से 3,888 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर के अंदर 'दर्शन' करने के बाद उसी दिन आधार शिविर में लौट आते हैं।

दोनों मार्गों पर यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

गुफा मंदिर में एक बर्फ की संरचना है जिसके बारे में भक्तों का मानना है कि यह भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है।

इस वर्ष की 62 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई और 31 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा उत्सव के साथ समाप्त होगी।

तीर्थयात्रियों को ऊंचाई पर होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए, अधिकारियों ने यात्रा के दोनों मार्गों पर स्थापित किए गए मुफ्त सामुदायिक रसोई, जिन्हें 'लंगर' कहा जाता है, में सभी जंक फूड पर प्रतिबंध लगा दिया है।

प्रतिबंधित वस्तुओं में सभी बोतलबंद पेय, हलवाई आइटम, तले हुए खाद्य पदार्थ और तंबाकू आधारित उत्पाद शामिल हैं।